


क्रिस गेल का प्रदर्शन ज्यादा खास नहीं रहा

आपको बता दें, इस सीजन में क्रिस गेल का प्रदर्शन ज्यादा खास नहीं रहा है। गेल ने पंजाब किंग्स के लिए आइपीएल 2021 में कुल 10 मुकाबले खेले थे, जिसमें उन्होंने 193 रन बनाए थे। शायद इसी प्रदर्शन की वजह से मैनेजमेंट ने उनको प्लेइंग इलेवन से बाहर किया था। हालांकि, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहना है कि पंजाब को शेष मुकाबलों में गेल की कमी खलेगी।

## गेल के साथ सही व्यवहार नहीं हुआ, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान का दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 14वें सीजन के बायो–बबल से बाहर हो गए हैं और उन्होंने बीच में ही पंजाब किंग्स का साथ छोड़ दिया है। उधर, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने गेल को लेकर एक बड़ा दावा किया है। केविन पीटरसन का कहना है कि गेल के पंजाब किंग्स का साथ छोड़ने के पीछे का कारण उनके साथ सही व्यवहार न होना है। दरअसल, आइपीएल की फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने 30 सितंबर को बयान जारी कर कहा था कि गेल बबल की परेशानी और आने वाले महीने में होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को देखते हुए पंजाब किंग्स का टीम होटल छोड़ रहे हैं और बायो–बबल से हट रहे हैं। वहीं, केविन पीटरसन ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा, क्षेल के साथ सही व्यवहार नहीं हुआ। उन्हें लगता है कि वे उनका इस्तेमाल कर रहे हैं और उनसे छुटकारा पा रहे हैं। उनके जन्मदिन पर उन्हें मौका नहीं दिया गया। अगर वह खुश नहीं हैं तो उन्हें वो करने दें जो वह चाहते हैं।

# मालदीव के नीले समंदर में नीरज चोपड़ा ने दिखाया स्वैग

जैवलिन

## एथलीट नीरज इस समय मॉलदीव में छुट्टियां बिता रहे हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा इस समय मॉलदीव में छुट्टियां बिता रहे हैं। वेकेशन के दौरान भी गोल्डन बॉय नीरज जैवलिन के बारे में ही सोच रहे हैं कि किस प्रकार थ्रो को और बेहतर किया जाए।

23 वर्षीय नीरज मॉलदीव में फुरावेरी रिसॉर्ट में ठहरे हुए हैं। नीरज ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वह समंदर में स्कूबा डाइविंग के दौरान पानी के अंदर जैवलिन फेंकने की नकल करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में एआर रहमान का वंदे मातरम गाना भी बज रहा है।

गोल्डन बॉय नीरज ने वीडियो का कैप्शन लिखाश , आसमान पर, जमीन पर या पानी के अंदर। मैं



हमेशा भाला फेंकने के बारे में सोचता हूं। ट्रेनिंग शुरू हो गई है। वीडियो में नीरज को पानी के अंदर जैवलीन फेंकने से पहले रनअप लेकर जैवलिन थ्रो की नकल करते हुए साफ तौर पर देखा जा सकता है।

**नीरज ने मौजूदा सीजन को जल्दी खत्म किया था:** तोक्यो से लौटने के बाद नीरज देश में कई सम्मान समारोह और टेलीविजन शो में दिखाई दिए। इस दौरान वह बीमार भी पड़ गए। ओलिंपिक के बाद नीरज ने अपना 2021 का सीजन जल्द समाप्त करने की घोषणा की। वह डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं ले सके।

**नीरज ने १३ साल बाद ओलिंपिक के व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता था स्वर्णः** नीरज ने तोक्यो ओलिंपिक के भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में 87.58m दूर भाला फेंक स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। यह भारत का ओलिंपिक के इतिहास में व्यक्तिगत स्पर्धा में शूटर अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरा गोल्ड मेडल था। अभिनन ने 2008 बीजिंग ओलिंपिक में शूटिंग में स्वर्ण जीता था।

**तब नीरज ने अलार्म अहफ, वेकेशन मोड ऑन लिखा थाः** मॉलदीव में नीरज के भाई भी उनके साथ हैं। जब नीरज मॉलदीव रवाना हो रहे थे तब उन्होंने आइलैंड की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की थी। नीरज ने इस फोटो का कैप्शन लिखा था अलार्म ऑफ, वेकेशन मोड ऑन। नीरज हाल में अभिनव बिंद्रा से मिले थे। अभिनव ने नीरज को एक डॉगी गिफ्ट किया था जिसका नाम उन्होंने तोक्यो रखा है।

# विराट कोहली के बाद किसे दी चाहिए भारतीय टीम की कप्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद भारतीय टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने का एलान कर दिया है और इसके बाद भारतीय क्रिकेट में सबसे बड़ी बहस इस बात पर चल रही है कि उनके बाद किसे ये जिम्मेदारी दी जाए। इस मामले पर बात करते हुए साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि भारत के पास इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए सीनियर और युवा खिलाड़ियों का बड़ा पुल मौजूद है।

डेल स्टेन ने स्पोर्ट्स तक पर बात करते हुए कहा कि टीम इंडिया के पास विकल्प की कमी नहीं है। आपको बस आइपीएल को देखना है और कप्तानी के



लिए आपको कई चेहरे दिख जाएंगे। इस टीम में सूर्यकुमार यादव हैं और मुझे लगता है कि वो किसी खास जगह तक जाएंगे। आपके पास रिषभ पंत हैं जो काफी अच्छे दिख रहे हैं। ऐसे कई सारे लोग हैं जैसे कि श्रेयस अय्यर, रोहित शर्मा वगैरह। इन सभी के पास कप्तानी की जिम्मेदारी निभाने की काबिलियत है, लेकिन आपको किसी ऐसे को ये जिम्मेदारी देनी होगी जो सबको साथ लेकर चल सके।

डेल स्टेन ने आगे कहा कि उनके पास चुनने के लिए अलग–अलग लोगों का एक समूह है। मुझे लगता है कि अभी भारत के लिए सबसे रोमांचक बात यह है कि जो युवा खिलाड़ी सामने आ रहे हैं, वे सभी विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। आप मोहम्मद सिराज, रिषभ पंत को देखिए, ये युवा खिलाड़ी हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए अगर आप रोहित को कप्तानी देते हैं, जो काफी समय से यहां हैं साथ ही कई आइपीएल खिताब जीत चुके हैं, तो यह एक अच्छा फैसला होगा क्योंकि वह युवाओं का बेहतरीन मार्गदर्शन कर सकते हैं। यानी उन्होंने साफ तौर पर विराट कोहली के बाद टीम इंडिया की टी20 कप्तान बनाने के लिए रोहित शर्मा का समर्थन किया।

## हार्दिक पांड्या विश्व कप में बिगाड़ सकते हैं टीम इंडिया का संतुलन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार आलराउंडर हार्दिक पांड्या इंडियन प्रीमियर लीग 2021 में गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं, क्योंकि उनके साथ फिटनेस मुद्दे हैं। इस वजह से टी20 विश्व कप 2021 के लिए भारत की टीम में उनके चयन पर सवाल उठाए गए हैं। आइपीएल के समापन के ठीक बाद वैश्विक आयोजन शुरू हो जाएगा और हार्दिक पांड्या का गेंदबाजी न करना भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि उन्हें एक आलराउंडर के रूप में चुना गया है और उनसे तीनों विभागों में काम करने की उम्मीद है। दरअसल, हार्दिक पांड्या लंबे समय से पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के श्रीलंका दौरे के दौरान नियमित रूप से गेंदबाजी की, लेकिन दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने आइपीएल 2021 में एक भी ओवर नहीं फेंका। इसके अलावा वह यूएई लेग में मुंबई इंडियंस के पहले दो मैचों में खेलने के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं थे। उनकी फिटनेस स्थिति के बारे में बोलते हुए मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने यह भी संकेत दिया कि तेज गेंदबाज गेंदबाजी करने के लिए तैयार नहीं है।

## न्यूज डायरी




### केकेआर को खल रही है इस खिलाड़ी की कमी, कोच मैकुलम ने किया खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने इस बात का खुलासा किया है कि टीम को आलराउंडर आंद्रे रसेल के कमी कल रही है। मैकुलम ने कहा है कि रसेल के चोटिल होने से टीम का संतुलन प्रभावित हुआ है। रसेल केकेआर के महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने टीम की जीत में कई बार अहम योगदान दिया है। आइपीएल 2021 के सीजन में रसेल ने 10 मैचों में 183 रन बनाए हैं और 11 विकेट भी झटके हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ अतिरिक्त गेंदबाज नहीं होने की वजह से केकेआर को हार मिली और इस हार के बाद टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रसेल को लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टीम का संतुलन प्रभावित हुआ है। केकेआर को शुक्रवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था और इससे टीम के प्लेआफ में पहुंचने के चांस कम हो गए हैं।

### आउट या नॉट आउट–तीसरे अंपायर के फैसले पर भड़के गौतम गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने शुक्रवार को आईपीएल में पंजाब किंग्स और केकेआर के बीच हुए मैच में तीसरे अंपायर के एक फैसले की कड़ी आलोचना की है। अंपायर ने अहम मौके पर पकड़े गए राहुल त्रिपाठी के एक कैच को अमान्य करार दिया था। पंजाब किंग्स रनों का पीछा कर रही थी और केएल को राहुल त्रिपाठी ने कैच किया था लेकिन तीसरे अंपायर का मानना था कि गेंद जमीन को छू गई है। मैच काफी रोमांचक हो गया था और पंजाब किंग्स ने 166 रनों का लक्ष्य तीन गेंद बाकी रहते पांच विकेट से अपने नाम कर लिया था। कप्तान केएल राहुल ने इस मैच में अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अगर तीसरे अंपायर का फैसला कोलकाता नाइट राइडर्स के पक्ष में आता तो शायद मैच का नतीजा कुछ और भी हो सकता था। राहुल त्रिपाठी, जो बाउंड्री लाइन पर खड़े थे, ने आगे दौड़ लगाई और छलांग लगाते हुए गेंद को लपका।

### अभी बंद नहीं हुए राजस्थान रायल्स के प्लेआफ में सारे रास्ते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली दो टीमों का फैसला हो चुका है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी जगह पक्की कर ली है। तीसरे स्थान पर बनी हुई रायल चौलेंजर्स बैंगलोर का भी पहुंचना तय माना जा रहा है। चौथे स्थान के लिए मुंबई, राजस्थान, कोलकाता और पंजाब की टीमों के बीच रेस जारी है। राजस्थान के फैंस के लिए अभी भी टीम को प्लेआफ में खेलते देखने की उम्मीद बाकी है लेकिन यह सबकुछ अन्य टीमों के मुकाबलों के नतीजों पर निर्भर करेगा। राजस्थान ने 11 मैच खेले हैं और अब तक 4 जीत से 8 अंक हासिल किए हैं। टीम को तीन मैच खेलना बाकी है और अगर राजस्थान की टीम यह तीनों मैच जीत लेती है तो उसके पास 14 अंक हो जाएंगे। इस अंक तक पहुंचने के बाद वह अपनी दावेदारी पेश कर सकता है लेकिन बाकी टीमों ने अगर अच्छा नहीं किया तो।

### इयोन मोर्गन को हटाकर केकेआर के खिलाड़ी को बनाना चाहिए टीम का कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2021 में अब तक केकेआर का प्रदर्शन मिला–जुला रहा है और ये टीम इस वक्त 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर है और उसकी प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीद अभी बाकी है। केकेआर ने मोर्गन की कप्तानी में अब तक 12 में से 5 मैच जीते हैं जबकि 7 में उसे हार मिली है। पिछले मुकाबले में केकेआर को पंजाब किंग्स ने 5 विकेट से हराया था। टीम के लिए चिंता कप्तान इयोन मोर्गन की बल्लेबाजी है जो लगातार फेल हो रहे हैं। यूएई लेग के पिछली चार पारियों में मोर्गन के बल्ले से सिर्फ 17 रन ही निकले हैं और एक भी मैच में वो 10 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं। उनकी जगह शाकिब अल हसन को ये जिम्मेदारी देनी चाहिए।